सभी प्रकार की सरकारी सहायताओं से मुक्त, खोजी पत्रकारिता का तेज बढ़ता अखबार

दैनिक
themovementofindia.in
# द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया

RNI No. RAJHIN/2012/48876
पोस्टल पंजीयन नं. भीलवाड़ा / 2025-2027

खोजी खबरें-तेज नजरें
प्रेरणा स्रोत - स्व. चुन्नीलाल सालवी
ये अखबार ही नहीं क्रांति का अभियान है। मानवता एवं लोकतंत्र का सजग प्रहरी, ये दुष्टों की मौत का सामान है।

वर्ष - 14 अंक -24 | 17 जुलाई 2025,गुरुवार | संपादक - दयाराम दिव्य | सहसंपादक - चाहत सालवी | मूल्य - 2 रू.

## गहलोत बोले- अमित शाह जवाब दें, कन्हैयालाल-परिवार को न्याय कब मिलेगा

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**



पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अमित शाह के जयपुर दौरे के बीच उदयपुर के कन्हैयालाल टेलर मर्डर पर अब तक एनआईए की जांच पूरी नहीं होने पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने अमित शाह से कन्हैयालाल मर्डर मामले में अब तक परिवार को न्याय नहीं मिलने पर जवाब देने की मांग की है। गहलोत ने कन्हैयालाल हत्याकांड को अपनी सरकार जाने का सबसे बड़ा कारण माना है।

गहलोत ने जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जयपुर में हैं। विधानसभा चुनाव से पहले आपने राजस्थान में हर रैली में कन्हैयालाल केस का जिक्र किया और इसके नाम पर वोट मांगे। इस केस में राजस्थान पुलिस ने सिर्फ चार घंटे में आरोपी गिरफ्तार कर लिए। दोनों आरोपियों का संबंध भाजपा से था। इसके बाद भी आपके मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली हद्द ने रातोंरात केस अपने पास ले लिया। हमने इस पर भी ऐतराज नहीं किया। पूरी भाजपा ने राजस्थान में 5 लाख-50 लाख मुआवजे का झूठ फैलाया और हमारी सरकार जाने के सबसे बड़े कारणों में यह झूठ शामिल है।

## भीलवाड़ा में दिव्य कांवड़ यात्रा रविवार को:5 हजार कांवड़िये होंगे शामिल




**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

हर साल की तरह इस साल भी श्रावण मास में पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में दिव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के मुताबिक करीब 5 हजार कावड़िये शामिल होंगे और नदियों के जल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। आयोजन से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए समिति द्वारा सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

**हरनी महादेव तक निकलेगी यात्रा**

मीडिया प्रभारी विक्रम झा ने बताया कि इस पावन यात्रा का शुभारंभ गांधीनगर स्थित निंबार्क आश्रम के पूज्य महंत मोहन शरण के पावन सानिध्य में 20 जुलाई रविवार सुबह 8:15 बजे निंबार्क आश्रम गांधीनगर से होगी। हरणी महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना, भजन, आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा।कांवड़ यात्रा के पूरे मार्ग में शिवभक्ति से ओतप्रोत बोल बम के जयघोष, ढोल-नगाड़ो की गूंज, भजनों से उत्साह का वातावरण बनेगा।

**यात्रा से आएगा जीवन में परिवर्तन**

यह कावड़ यात्रा धर्म, आस्था, ऊर्जा और एकता का एक ऐसा अनुपम संगम होगी, जो प्रत्येक कांवड यात्री के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन एवं दिव्य अनुभव की अनुभूति कराएगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी, स्वास्थ्य, संगीत, मार्ग सुरक्षा तथा प्रसादी की संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अरुण राय द्वारा सभी सनातन धर्मप्रेमी, भाई-बहन अपने परिवार सहित इस पावन आयोजन में सहभागी बने और इस भक्ति यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया।प्रेस वार्ता के दौरान समिति संरक्षक डॉ. अशोक सिंह, सचिव ओमप्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा महतो सहित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा में रात में चला पुलिस का चेकिंग अभियान: कार-बाइकों को रुकवाकर किया चेक; चालान काटे

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**



भीलवाड़ा शहर में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने और देर रात तक शहर की सड़कों पर न्यूसेंस करने वालों के खिलाफ भीलवाड़ा पुलिस ने बुधवार रात चेकिंग अभियान चलाया। शहर के प्रताप नगर,सुभाष नगर, कोतवाली, भीमगंज और सदर थाना क्षेत्र के अलग-अलग एरिया में नाकाबंदी कर चेकिंग की गई। थाने से कुछ दूरी पर चेकिंग पॉइंट बनाए गए। जहां थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। इन्होंने आती-जाती कार-बाइक को चेक किया। शराब पीकर गाड़ियां चलाने, बिना लाइसेंस, बिना सीट बेल्ट और टू व्हीलर पर बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान बनाए। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बड़ला चौराहे पर कोतवाल गजेंद्र सिंह, प्रताप नगर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी सुरजीत ओर सुभाष नगर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी शिवराज के नेतृत्व में थाना सर्किल में अलग-अलग स्थान पर बेरीकेड्स लगाकर गाड़ियों की चेकिंग की गई।

इस दौरान टू व्हीलर ड्राइवर को तीन सवारी होने ओर बिना हेलमेट लगाने पर रोका गया इनको समझाने के साथ ही चालान भी बनाए गए।ऐसे ही बिना नंबर की गाड़ियों और जाति सूचक शब्द लिखी गाड़ियों को भी सख्ती के साथ रोक कर उनसे पूछताछ की गई और चालान बनाया गया। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया- समय-समय पर अभियान चलाया जा रहा है ताकि आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाई जा सके। साथ ही लोगों में ट्रैफिक को लेकर अवेयरनेस भी बढ़ सके। उन्होंने आमजन से फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें,शराब पीकर गाड़ियां नहीं चलाएं,तेज रफ्तार और तेज साउंड बजाते हुए गाड़ियां चलाने पर भी अंकुश लगे। इसके साथ ही टू व्हीलर ड्राइवर गाड़ी चलाते समय हेलमेट लगाए, तीन सवारी को नहीं बिठाए, गाड़ियों में तेज आवाज वाले साइलैंसर का उपयोग न करें और ट्रैफिक रूल्स को फॉलो करने की बात कही।

## लग्जरी बस से पकड़ी 4 लाख की अवैध शराब: तीन बड़ी ट्रॉलियों में लगेज के साथ रखी थी

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**



भीलवाड़ा जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, इसी के तहत पुलिस ने एक लग्जरी बस से 4 लाख से अधिक रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने लग्जरी बस सहित ड्राइवर कंडक्टर ओर एक उनके एक साथी को गिरफ्तार किया है।

**बस की डिक्की में लगेज के साथ छुपाई थी**

मामला करोई थाना क्षेत्र का है,थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि तहसील कार्यालय के सामने नाकाबंदी की जा रही थी,इस दौरान भीलवाड़ा की ओर से एक ट्रैवल्स बस आई जिसे रोककर बस की तलाशी शुरू की तो बस की पीछे की डिग्गी में सब्जियों व अन्य सामान के साथ 3 बड़े ट्रॉली बैग थे, इन्हें चेक किया तो इनके अंदर कार्टून में अलग-अलग ब्रांड की शराब की बॉटल पाई गई। जिनकी कीमत 4 लाख 32 हजार रुपए है।


**ड्राइवर-कंडक्टर सहित तीन गिरफ्तार**

पुलिस ने इस मामले में बस ड्राइवर, कंडक्टर और उनके एक साथी को आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस बस और अलग-अलग ब्रांड की कुल 108 बोतल शराब को जब्त किया है । पुलिस ने इस मामले में शामिल बस ड्राइवर सुंदर (37 ) पिता जगदीश धानका निवासी भिवानी हरियाणा , कंडक्टर अविनाश पिता भूपराम कस्वा निवासी श्रीगंगानगर , विनोद ( 22 ) पिता नानुराम रेवाड़ी निवासी चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया है ।

कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में करोई थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह, एएसआई दयाल राजोरा, हेड कॉन्स्टेबल मुकेश,कॉन्स्टेबल अनिल अशोक ,राजपाल ,खेमराज ,राधेश्याम ,दिनेश ,रामचंद्र और विजेंद्र शामिल रहे है।

## गोपालपुर गांव के एक मकान में लाखों की चोरी:दो तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी और 10 हजार कैश ले गए चोर

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**



भीलवाड़ा में शहरों के साथ-साथ चोर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बीती देर रात गोपालपुर गांव में चोरों ने एक मकान पर धावा बोल दिया और लाखों का माल पार कर ले गए।

**दीवार फांदकर घर में घुसे चोर**

पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात करेड़ा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के एक मकान में लाखों की चोरी हो गई। चोर पीछे की दीवार पर चढ़कर घर में घुसे और दो तोला सोने के बिस्किट, डेढ़ किलो चांदी और 10 हजार कैश चुरा ले गए। पास के कमरे में सो रहे मकान मालिक को जब घर में किसी के होने का पता चला तो वह उठा और उसके चिल्लाने पर चोर सामान लेकर भाग निकले।

**आवाज होने पर जागे पति-पत्नी**

वारदात के दौरान शांतिलाल और उसकी पत्नी दोनों कमरे में सो रहे थे। घर में खटपट की आवाज आने पर दोनों जाग गए और जोर से चिल्लाए। उनके चिल्लाने की आवाज सुन चोर सामान लेकर भाग निकले। पति-पत्नी ने पुलिस को घर में चोरी होने की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

C M Y K

## सम्पादकीय

### राष्ट्रशक्ति में रूपांतरित हो जनशक्ति

भारत जैसे विकासशील देश के लिए जनसंख्या एक दोधारी तलवार जैसी है। एक ओर यह देश की ऊर्जा और श्रमशक्ति का स्रोत है, दूसरी ओर यह संसाधनों पर अत्यधिक दबाव भी डाल रही है। पहले की पीढ़ियां बड़ी जनसंख्या को सामाजिक सुरक्षा, मजदूरी और पारिवारिक मजबूती के रूप में देखती थीं, परंतु आज का युवा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरणीय असंतुलन के संकटों जैसे प्रदूषण, जल संकट, जैव विविधता के ह्रास आदि को लेकर अधिक सजग है। इसलिए अब बहुत से लोग जनसंख्या को केवल संख्या नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के रूप में देखते हैं। ग्रामीण युवाओं में भी जनसंख्या और परिवार नियोजन के प्रति चेतना बढ़ी है। स्कूलों में अब यौन शिक्षा और परिवार नियोजन को सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है। लड़कियों में आत्मनिर्भरता की भावना बताती है कि शिक्षा प्राप्त लड़कियां प्रजनन संबंधी निर्णय स्वयं लेना चाहती हैं। युवाओं का दृष्टिकोण अब ज्यादा वैज्ञानिक, व्यावहारिक और भविष्य-केंद्रित होता जा रहा है। डिजिटल युग और बेहतर शिक्षा व्यवस्था ने युवाओं को परिवार नियोजन, जनसंख्या नियंत्रण नीति और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अधिक जागरूक बनाया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, आदि प्लेटफार्म मोबाइल एप, आनलाइन स्वास्थ्य सेवाएं, जनसंख्या से जुड़े अभियान के माध्यम से वे अधिक सजग और जागरूक हुए हैं। आज का युवा परिवार नियोजन पर खुलकर बात करता है और इस विषय पर संवाद को प्रोत्साहित भी करता है। स्मार्ट फैमिली-स्मार्टर फ्यूचर सोच वाला युवा बड़े परिवार के बजाय गुणवत्तापूर्ण जीवन, करियर, मानसिक स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता को अधिक महत्व देता है। युवाओं को समझ आ चुका है कि बढ़ती जनसंख्या न केवल संसाधनों को प्रभावित करती है, बल्कि बेरोजगारी, झुग्गी-झोपड़ियों के फैलाव, प्रदूषण और सामाजिक असमानता को भी बढ़ावा देती है। यदि जनसंख्या को कुशल मानव संसाधन में बदला जाए तो वह आर्थिक विकास का इंजन बन सकती है। नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण बताता है कि गर्भनिरोधक तरीकों के प्रयोग में वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण के अनुसार 15 से 19 वर्ष की लड़कियों में गर्भधारण दर 7.9 से घटकर 6.8 प्रतिशत रह गई है, जो इसका स्पष्ट संकेत है कि जनसंख्या नियोजन अब एक निजी जिम्मेदारी का विषय बनता जा रहा है। यह सर्वेक्षण समाज में उभरती नई प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है कि 20 से 24 वर्ष की 21.2 प्रतिशत लड़कियों द्वारा विवाह पूर्व भी गर्भनिरोधक का उपयोग किया गया। यह इसे स्पष्ट करता है कि महिलाओं की यौन शिक्षा एवं उनकी निर्णय क्षमता में वृद्धि हुई है। जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ने से लगभग 45.5 प्रतिशत युवतियां आधुनिक गर्भनिरोधकों का उपयोग करती हैं। शिक्षा के प्रसार से होने वाले शहरीकरण ने सिर्फ युवाओं की जीवनशैली ही नहीं, बल्कि प्राथमिकताएं भी बदल गई हैं। शिक्षा, डिजिटल पहुंच और नीतिगत परिवर्तन ने युवाओं को स्वतंत्र और जागरूक निर्णयकर्ता बना दिया है। जनसंख्या के प्रति अधिक संवेदनशील दृष्टिकोण, जागरूकता और सक्रियता को देखते हुए आवश्यकता इसकी है कि भारत की जनसंख्या नीति को युवा-केंद्रित बनाया जाए, ताकि भारत न केवल जनसंख्या नियंत्रण, बल्कि जनसंख्या प्रबंधन और नवोन्मेष में विश्व का नेता बने। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का विश्लेषण बताता है कि यदि भारत अपने युवाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार में सही तरीके से सही निवेश करे, तो 2040 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन सकता है। नीति आयोग रिपोर्ट भी यह रेखांकित करती है कि युवा अब केवल नौकरी चाहने वाले नहीं, बल्कि उद्यमी, स्टार्टअप निर्माता और नवप्रवर्तक के रूप में उभर रहे हैं। नीति आयोग का सुझाव है कि जनसंख्या नीति में युवाओं की सीधी भागीदारी होनी चाहिए, जिससे वे स्वयं अपनी शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य योजनाओं के निर्णयों में सह-निर्माता बन सकें।



**प्रधान संपादक - दयाराम दिव्य**

# एक दिवसीय कृषक महिला प्रशिक्षण का होगा आयोजन

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

**भीलवाड़ा।** कृषि के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को देखते हुए महिला कृषकों के ज्ञानार्जन एवं क्षमता में अभिवृद्धि के लिए वर्ष 2025-26 में राज्य योजनान्तर्गत जिले में 395 ग्राम पंचायत स्तरीय एक दिवसीय कृषक महिला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि महिला प्रशिक्षण शिविर में फसलों के बीज उत्पादन तकनीक, मृदा एवं जल परीक्षण का महत्व, मृदा नमूने एकत्रित व इनके उपयोग की जानकारी, सन्तुलित पोषक तत्वों का उपयोग, विभागीय योजनाओं में अनुदान के लिए आवेदक कृषकों को प्रपत्र भरने की जानकारी, वांछित दस्तावेज, देय अनुदान व अन्य प्रक्रियात्मक जानकारी दी जायेगी। योजना प्रभारी एवं कृषि अधिकारी प्रियंका पारीक ने बताया कि 18 जुलाई को दान्थल, मालोला, गुरलां, भादू, टंहूका, सिडियास, बेमाली, ज्ञानगढ़, गोरख्या, अरनिया, खांखला, उल्लाई, पीथा का खेड़ा, नायडियास, बड़ला, जालिया, दोलपुरा सिंगोली, आरोली, सुखपुरा इत्यादि ग्राम पंचायतों में महिला प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगे।

# वाल्मीकि समाज राष्ट्रहित के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेता है राजवीर सिंह राजावत

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**




राजकुमार सैन धौलपुर वाल्मीकि समाज के जिला अध्यक्ष जगदीश चित्तर के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत का स्वागत एवं सम्मान किया स्वागत कार्यक्रम में जगदीश चित्तर ने कहा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एक साधारण कार्यकर्ता से जिले के जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए है, और वह सभी समाज को साथ लेकर चल रहे हैं, हमारा समाज भी भाजपा के साथ चलेगा, जिला राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि भाजपा छत्तीस कोमो की पार्टी है यहां सभी कार्यकर्ता सामन है, भाजपा में सभी कोमो का स्थान सर्वोच्च है वाल्मीकि समाज के लोगों ने हमेशा राष्ट्रीय हित मे समय-समय पर अपना योगदान दिया है इस अवसर पर शिवराम पथरौरा, सुरेश चौहान, मदन वाल्मीकि, अमन छत्तर, उदय सिंह अमित चित्तर, अभिषेक, वीरू, अजीत, कारन सहित दर्जन भर वाल्मीकि समाज के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजपुर में प्रधानाचार्य श्रीमती कल्पना मिश्रा के नेतृत्व में छात्र छात्रों द्वारा 500पेड़ पौधे लगाए

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**



वृक्षारोपण प्रभारी चन्द्रभान चौधरी ने बताया कि राजस्थान में चल रहे हमारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम हर विद्यालय में प्रत्येक छात्र छात्रों व शिक्षकों 15पौधे लगाने का लक्ष्य शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित किया गया है। और एक पेड़ मां के नाम का अभियान भी चल रहा है।स्थानीय विद्यालय में सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सभी ने मिलकर 500पेड़ पौधे लगाए। और ये वृक्षारोपण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा लगभग 4000हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। सभी ने अपने पेड़ को गोद लेकर उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी दी है और वो सब लोग मिलकर पेड़ पौधे को बचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर कल्पना मिश्रा, बनेय सिंह, पातीराम, विजय कुमार, राजेश मीणा, चन्द्रभान चौधरी, सन्तोष कुमार, देवेन्द्र त्यागी, सुरेखा त्यागी, संतोष मीणा, घनश्याम मीणा, पृथ्वीराज सिंह, मनोज कुमार, नितेश शर्मा, कृष्णकांत शर्मा जयश्री, पूजा , बिजेंद्र सिंह, गिरीश कुमार व ग्रामीण उपस्थित थे।

# भीम आर्मी भारत एकता मिशन प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक भीलवाडा में हुई

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

**शाहपुरा राजेन्द्र खटीक।**



भीलवाड़ा- भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने बताया कि राजस्थान में कही जगह आज भी एस सी ,एस टी समाज की जमीनों पर दूसरे राजनेताओं व शासन प्रशासन के पावर से कब्जा किया जा रहा है।उनको लेकर हर जिले की जानकारी करते हुए पुरे राजस्थान से जयपुर में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।भीम आर्मी भीलवाड़ा भारत एकता मिशन ने बताया की राष्ट्रीय 10 व स्थापना दिवस अधिवेशन 21 जुलाई 2025 को बिहार ,पटना में आयोजित में आयोजित किया।उसको लेकर भीलवाड़ा में समीक्षा बैठक बुलाई गई।इस कार्यक्रम में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष पंकज डिडवानिया,जिला उपाध्यक्ष दुर्गा लाल बैरवा, जिला उपाध्यक्ष किशन खटीक, मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश खटीक, जहाजपुर ब्लॉक अध्यक्ष रामलाल मेघवंशी,वेधराज मीणा बिजोलिया आदि सदस्य मौजूद रहे।

# कनिष्ठ अभियंता सुभाष मीणा के निर्देशानुसार 33/11 के वी कादेड़ा के कर्मचारियों ने 51 पौधों का पोधारोपण किया

**सुरज वर्मा**



कादेड़ा कस्बे में अजमेर विद्युत वितरण के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय 33/11 केवी कादेड़ा में कनिष्ठ अभियंता सुभाष मीणा के निर्देशानुसार सब स्टेशन कादेड़ा पर 51 पौधों का पौधारोपण किया गया द्वारका प्रसाद ने बताया कि पेड़ पौधे हमे ऑक्सीजन देते है और वातावरण को शुद्ध रखते है इसलिये हमे एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए मुकेश रैगर उन्होंने कहा कि हमे पौधा रोपण के साथ साथ पौधे को रोजाना समय समय देखभाल करनी चाहिए जब तक वो छायादार वृक्ष का रूप ना लें सभी से आग्रह किया कि आप सभी पर्यावरण को बचाने के लिए सभी लगाए और देखभाल भी करें ऐसा संकल्प लें जिससे पेड़ो का महत्व समझेंगे,पौधरोपण के लिए आगे आएंगे,उन्हें पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आएंगे तभी पर्यावरण संरक्षण संभव है।और किसी भी अन्य खुशी के मौके पर पौधरोपण जरूर करे पप्पू राम रैगर ने कहा की पर्यावरण को शुद्ध,स्वच्छ और सुंदर बनाने, हरियालो राजस्थान बनाने के लिए पौधरोपण जरूरी है प्रत्येक व्यक्ति वर्तमान में अपने जन्म दिवस पर बर्थ डे पार्टी के नाम कुछ पैसे खर्च करता है लेकिन हम कुछ ही दिनों में इसे भूल जाते है,यदि हम अपने जन्म दिन पर पौधरोपण करेंगे तो हमारी उत्तेजना बढ़ेगी और आनन्द की अनुभूति भी होगी, पप्पू रैगर टेक्नीशियन फर्स्ट , मयंक कुमार वैष्णव, द्वारका प्रसाद कुमावत, मुकेश कुमार रेगर, राजू लाल मीणा, दिनेश रैगर (एफ आर टी) कर्मचारी, अंकित कुमार माली, बाबूलाल माली (जीएसएस) समस्त स्टाफ मोजूद रहा

# 'सहकार से समृद्धि' की ओर एक और कदम

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवाड़ा।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में गुरूवार (17 जुलाई) को जयपुर जिले के दादिया ग्राम में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर सहकार एवं रोजगार उत्सव का आयोजन हुआ।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण जिले के नगर निगम सभागार से किया गया। जिला मुख्यालय से कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती प्रतिभा देवठिया, सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक श्री आलोक चौधरी, उप रजिस्ट्रार श्री अरविंद ओझा, अतिरिक्त अधिशाषी अधिकारी श्री आशुतोष मेहता, मुख्य प्रबंधक श्री नीरज शर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक पवन ना, सीएमएचओ डॉ. सीपी गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री शाह ने 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प की सिद्धि की दिशा में प्रदेश को सहकारिता के क्षेत्र में बड़ी सौगातें दी, जिससे किसान, गरीब, महिला सहित विभिन्न वर्गों के आर्थिक सशक्तीकरण को गति मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं चैक वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार उत्सवों के माध्यम से निरंतर नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं।

इसी कड़ी में गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम मेंयुवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के 54, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 40, चिकित्सा शिक्षा विभाग के 10, कॉलेज शिक्षा विभाग के 10, आयुर्वेद के 22, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के 05, नगर निगम के 03, सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक के 4, पुलिस के 2 व सहकारिता, पीएचईडी व सांख्यिकी विभाग के एक-एक नवनियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला कलक्टर ने नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें शुभकामनाएं दी। जिला कलक्टर ने गोपाल क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत जिले के 6 लाभार्थियों को एक-एक लाख रूपये की राशि के ब्याज मुक्त ऋण का चैक सौंपा।




## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

भीलवाड़ा, 17 जुलाई। जिले में आगामी फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलेक्टर) श्री जसमींत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री संधू ने कहा कि लोकतंत्र की जड़ें मतदाता सूची से शुरू होती हैं और यदि यह त्रुटिरहित, अद्यतन और सत्यापित होगी तो चुनाव प्रक्रिया स्वतः ही निष्पक्ष और सुदृढ़ होगी।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के हर बूथ स्तर पर प्रत्येक मतदाता का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, जिससे किसी भी अपात्र, दोहराए गए या मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकें और नए पात्र मतदाताओं को समय पर जोड़ा जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे समयबद्ध रूप से ऐसे बीएलए-2 नियुक्त करें जो स्थानीय क्षेत्र से हो, क्षेत्र की जानकारी रखता हो और कार्य के प्रति गंभीर एवं सक्रिय हो। उन्होंने कहा कि ÷बीएलए-2 की भूमिका पुनरीक्षण प्रक्रिया की रीढ़ है। यदि बीएलए-2 सक्षम और जिम्मेदार होंगे तो मतदाता सूची की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सकेगी।÷

बैठक में बीएलए-1 एवं बीएलए-2 की नियुक्ति प्रक्रिया, मतदाता सूची अद्यतन हेतु आवश्यक प्रपत्रों के उपयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए समय पर अपने बीएलए-2 की सूचियाँ निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराएं।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रतिभा देवठिया, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जिसमें भारतीय जनता पार्टी की ओर से श्री नागेन्द्र सिंह राव तथा श्री मुकेश कुमार चेचानी उपस्थित हुए। इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से प्रतिनिधि मुश्ताक अली मंसूरी एवं चंद्रप्रकाश अमरवाल सीपीएम से मोहम्मद हुसैन कुरेशी ने भाग लिया। आम आदमी पार्टी से प्रहलाद राय व्यास, रणजीत सिंह कारोही, बहुजन समाज पार्टी से रामेश्वर लाल जाट व गोपाल लाल मालीवाल ने भाग लिया। इस दौरान निर्वाचन विभाग के अधिकारी तथा निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शाहपुरा-केकड़ी मार्ग पर खस्ताहाल सड़क, लाखों की टोल वसूली के बावजूद गड्ढों से हादसे की आशंका



द मूवमेंट ऑफ इंडिया

सुरज वर्मा

शाहपुरा से केकड़ी मार्ग पर टोल के नाम पर लाखों रुपए की वसूली की जा रही है, लेकिन सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। मार्ग पर जगह-जगह एक से डेढ़ फीट तक गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे वाहन चालकों को रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है।सबसे हैरानी की बात यह है कि यही मार्ग शाहपुरा के कई प्रमुख नेता, जनप्रतिनिधि और अधिकारी जयपुर आवागमन के लिए नियमित रूप से इस्तेमाल करते हैं, बावजूद इसके आज तक किसी ने सड़क की मरम्मत या सुधार की दिशा में ध्यान नहीं दिया।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मादू लाल रेगर ने जानकारी देते हो बताया कई बार दोपहिया वाहन चालकों को इन गड्ढों की वजह दुसे संतुलन खोकर गिरते देखा गया है।ग्रामीणों और वाहन चालकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि या तो तत्काल सड़क की मरम्मत करवाई जाए या फिर टोल वसूली पर रोक लगाई जाए।

## भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का संगमः 20 जुलाई को निकलेगी भीलवाड़ा में भव्य एवं विशाल दिव्य कावड़ यात्रा !




द मूवमेंट ऑफ इंडिया

भीलवाड़ा/ हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रावण मास की पुण्य बेला पर पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में श्रावण मास के पावन अवसर पर एक विशाल, भव्य एवं दिव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन निंबार्क आश्रम के पूज्य महंत श्री श्री 108 मोहन शरण जी महाराज के पावन सान्निध्य में दिनांक 20 जुलाई, रविवार समय- प्रातः 8ः15 बजे स्थान निंबार्क आश्रम, गांधीनगर से हरणी महादेव मंदिर में संपन्न होगा।

इस पावन यात्रा का शुभारंभ गांधीनगर स्थित निंबार्क आश्रम से होगा और समापन हरणी महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना,भजन,आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा।

इस अद्भुत आयोजन की विशेषता यह होगी कि पूरे मार्ग में शिवभक्ति से ओतप्रोत ÷बोल बम÷ के जयघोष, ढ़ोल-नगाड़ो की गूंज, भजनों की सुरध्वनि और श्रद्धालुओं का उत्साह वातावरण को भक्ति और ऊर्जा से भर देगा।

यह कावड़ यात्रा धर्म, आस्था, ऊर्जा और एकता का एक ऐसा अनुपम संगम होगी, जो प्रत्येक कांवड़ यात्री के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन एवं दिव्य अनुभव की अनुभूति कराएगी।

मीडिया प्रभारी विक्रम झा ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जल, स्वास्थ्य, संगीत, मार्ग सुरक्षा तथा प्रसादी की संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। सभी भक्तों को समय से पहुँचने और निर्धारित अनुशासन का पालन करने की अपील की गई है।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अरुण राय द्वारा यह आह्वान किया गया है कि सभी सनातन धर्मप्रेमी, भाई-बहन अपने परिवार सहित इस पावन आयोजन में सहभागी बने और इस भक्ति यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने में अपना योगदान दें, इस अवसर पर समिति संरक्षक डॉ. अशोक सिंह, सचिव श्री ओमप्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष श्री कृष्णा महतो सहित अनेक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# भावलिया ग्राम में जे.के. सीमेंट की पहल पर हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम, 1100 पौधे लगाए

**निंबाहेड़ा।** ग्राम भावलिया में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल के तहत मेगा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जे.के. सीमेंट लिमिटेड की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के अंतर्गत, ग्राम पंचायत भावलिया के सहयोग एवं वृक्ष मित्र संस्था के संचालन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य रैली से हुई, जिसमें गांव के स्कूली बच्चों ने जागरूकता के संदेश जैसे ÷वृक्ष लगाओ - जीवन बचाओ÷, ÷पर्यावरण है तो कल है÷ जैसे नारे लगाकर समस्त गांववासियों को वृक्षारोपण के महत्व के प्रति प्रेरित किया।

रैली के पश्चात आयोजित स्वागत समारोह में ग्रामवासियों ने जे.के. सीमेंट लिमिटेड के अधिकारियों का पारंपरिक मेवाड़ी पगड़ी और उपरना ओढ़ाकर हर्षोल्लास से स्वागत किया। इसके पश्चात समस्त अतिथियों द्वारा पौधों की आरती कर विधिवत वृक्षारोपण किया गया। पौधों को सहारा देने हेतु लकड़ी लगाई गई एवं रक्षासूत्र बांधकर सभी ने व्यक्तिगत रूप से उनकी देखरेख की जिम्मेदारी ली।



इस अवसर पर जे.के. सीमेंट लिमिटेड मांगरोल के टेक्निकल हेड तकनीकी प्रमुख मुरली मनोहर लढा,आईआर प्रमुख भुवने सिंह,पर्यावरण प्रमुख अजयशर्मा, सीएसआर एवं सीईआर प्रमुख राहुल कुमार, रामरतन नायक, मन्जूनाथ, लक्ष्मी नारायण, सुश्री गीतिका, पशु चिकित्सक डॉ. प्रवीण कुमार, अरविंद सिंह एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। वहीं पंचायत एवं शासकीय अधिकारियों में सहायक अभियंता फतेहलाल सोनी, सहायक खंड विकास अधिकारी मुकेश भराड़िया ,कनिष्ठ तकनिकी सहायक लक्ष्मी नारायण मीणा, ग्राम पंचायत प्रशासक श्रीमती रेखा देवी भील, ग्राम विकास अधिकारी लखन गवारिया, सहग्राम विकास अधिकारी कैलाश शर्मा, कनिष्ठ सहायक बलवंत जोशी, व्याख्याता दिनेश काबरा एवं रामभरोसी मीणा, कृषि पर्यवेक्षक रमेश चंद्र जाट, पैक्स प्रबंधक जितेन्द्र सिंह ने भी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों सोहन लाल मेनारिया, सुरेश चंद्र मेनारिया, जगदीश मेनारिया,हीरा लाल सुथार, सेवानिवृत्त भू-अभिलेख निरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा, उदयलाल भील, विद्यालयों के बच्चे एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वहीं वृक्ष मित्र संस्था से सीए शुभम चापलोत, शिव साहू, गौरव एवं फैजान ने कार्यक्रम का संचालन व समन्वय किया।

कार्यक्रम के दौरान कुल 1100 पौधों का रोपण किया गया, जो खेल मैदान, विद्यालय परिसर, मंदिर क्षेत्र एवं चारागाह भूमि में लगाए गए। जे.के. सीमेंट लिमिटेड की ओर से वृक्ष, गड्ढे, सामग्री तथा आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई, जबकि इन पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत भावलिया को सौंपी गई। ग्राम विकास अधिकारी लखन गवारिया ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष भी जे.के. सीमेंट द्वारा दिए गए पौधे आज भी 80 प्रतिशत स्वस्थ स्थिति में हैं और उचित देखरेख में तेजी से बढ़ रहे हैं, जो इस संस्था की गंभीरता एवं स्थायी हरियाली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर निकाली गई रैली, चयनित वेल्डर शाह का किया सम्मान



**भीलवाड़ा।** कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती नैना व्यास, समूह अनुदेशक देवेन्द्र कुमार सुवालका ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निकाली गई रैली का शुभारम्भ किया। रैली में संस्थान के समस्त स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। जिला स्तर पर चयनित ब्राण्ड एेम्बेसेडर व्यवसाय वैल्डर मोहम्मद तौफिक शाह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खेतों में अभी भी भरा है पानी, पीली पड़ी फसल उखाड़ने को मजबूर हुए किसान



**बरूंदनी** मांडलगढ़ उप खण्ड क्षेत्र के गांवों में गत दिनों हुई भारी बारिश के बाद पानी से भरे खेतों के कारण धरती पुत्रों को लाखों रुपयों के खाद बीज का नुकसान हो गया। धाकड़ खेड़ी प्रथम क्षेत्र के बागीद , हिंगोनिया, भवानीपुरा, मानगंज ,सहित आसपास के गांवों में अधिक मक्का, मूंगफली, कपास, उड़द, मूंग की फसल भारी बारिश के बाद चौपट होने की स्थिति में है। क्षेत्र के अनेकों किसानों ने दो दो बार मक्का मूंगफली की फसले बोई थी लेकिन अधिक बारिश होने के कारण खेतों में एक एक फीट तक पानी अभी भी भरा हुआ है। सभी प्रकार की फसले पानी भरने से पीली पड़ गई है। अब किसान मक्का की फसल के छोटे छोटे और पीले पड़े पौधों को उखाड़ कर अपने घर ले जा कर पशुओं को खिला रहे है। बागीद के किसान भीम सिंह कानावत ने राज्य सरकार और कृषि विभाग के अधिकारियों से ग्राम पंचायत धाकड़ खेड़ी प्रथम तथा आसपास के गांवों सर्वेक्षण कराकर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# केंद्र सरकार से मानसून सत्र से पहले पेंशनरो की चार सूत्रीय मांगे स्वीकार करने की मांग

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र के ई पी एस 95 पेंशनरो ने राजस्थान पेंशनर समाज कार्यालय चित्तौड़गढ़ पर अशोक जैन की अध्यक्षता में सभा आयोजित की। राष्ट्रीय संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह शक्तावत, सुधीर मेहता, प्रभुलाल शर्मा, सत्यनारायण सेन, कान सिंह राठौड़, कैलाश पोखरना ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि देशभर के 78 लाख पेंशनर पिछले 8 वर्षो से चार सूत्रीय मांगो को लेकर

दिल्ली के रामलीला मैदान एवं जंतर मंतर पर रैली, धरना प्रदर्शन, खून से पोस्टकार्ड , सामूहिक उपवास दो बार प्रधानमंत्री से कई बार श्रममंत्री एवं वित्तमंत्री से विस्तृत चर्चा हुई बार-बार आश्वासन मिले लेकिन पेंशनरों को अभी न्याय का



इंतजार है।

सभा में राजस्थान पेंशनर समाज के जिलाअध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दशोरा ने कहा कि एकजुट होकर संगठन की शक्ति से सभी वाजिब समस्याओं का समाधान जरूर मिलता है। सभा का संचालन उदयपुर संभाग के मुख्य समन्वयक राजेंद्र प्रसाद जैन ने किया तथा धन्यवाद अशोक जैन ने दिया।सभा में गिरिराज वर्मा, विनोद शर्मा, प्रदीप गोड़, चंद्रशेखर पालीवाल, अशोक जोशी, पूरन सिंह राव, गोपाल चावला, चांदमल जायसवाल, राजीव शर्मा, एसपी सुखवाल, एस के जोशी, अनिल ढढा, कैलाश शर्मा, भारत सिंह चौहान सहित हिंदुस्तान जिंक बिरला, आदित्य,जेके मंगलम, मोडक सीमेंट, वन विभाग, बिजली विभाग, राजस्थान रोडवेज, डेयरी, सरकारी समिति के सैकड़ो पेंशनर उपस्थित थे।

सभा के बाद पेंशनरों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री, श्रममंत्री को तथा चित्तौड़गढ़ सांसद को सांसद जनसुनवाई केंद्र पर ज्ञापन देकर देशभर के 78 लाख पेंशनरों की चार सूत्री मांगे स्वीकार करने की मांग की है। सांसद सी पी जोशी को ज्ञापन देते हुए पेंशनरों ने कहा कि मानसून सत्र से पहले हमारी मांगो को स्वीकार करने की घोषणा कराये अन्यथा पूर्व में भेजे गए नोटिस के मुताबिक चार-पांच अगस्त 2025 को जंतर-मंतर पर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।सांसद जोशी ने पेंशनरों को गंभीरता से सुना तथा कहा कि 21 जुलाई से मानसून सत्र होने से दिल्ली में श्रममंत्री व पीएमओ से संपर्क कर समस्या निराकरण की दिशा में पूरा प्रयास किया जाएगा।

## बालिका विद्यालय कलकीपुरा में भाविप ने आयोजित किया गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया

**भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद शाखा विवेकानंद द्वारा द्वितीय गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कल्कीपुरा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम प्रमुख शिवनारायण ईनाणी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान मध्य प्रांत के संपर्क संयोजक रजनीकांत आचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु के आशीर्वाद से शिष्य जीवन में वह सब कुछ प्राप्त कर सकता है, जिसकी उसे अभिलाषा है। शिष्य को अपने गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से रहना चाहिए एवं उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए शिक्षा को जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

उन्होंने भारत की प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए गुरु धौम्य और शिष्य आरुणि एवं गुरु द्रोणाचार्य और शिष्य एकलव्य की प्रेरक घटनाओं का उल्लेख किया और बताया कि दोनों शिष्यों ने अपने-अपने गुरु की आज्ञा का निष्ठापूर्वक पालन कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया। आचार्य ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देता, अपितु जीवन जीने की कला, आत्मरक्षा, खेल-कूद, युद्ध कौशल जैसी अन्य आवश्यक शिक्षाओं से भी शिष्य को सशक्त बनाता है, ताकि वह भविष्य में आत्मनिर्भर और सुरक्षित रह सके।

इस अवसर पर बालमुकुंद डाड ने परिषद की जानकारी देते हुए बताया कि परिषद सेवा, संस्कार और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा अधिकारी नरेंद्र दाधीच ने परिषद के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में बच्चों को संस्कारित करने की अत्यंत आवश्यकता है, ताकि भारत का भविष्य उज्ज्वल बन सके।

कार्यक्रम में विद्यालय की श्रीमती रंजना वर्मा, कौशल्या शर्मा, शीला शर्मा, कमला डीडवानिया, हमीदा खान एवं रेखा माली को तिलक लगाकर, ऊपरणां ओढ़ाकर, श्रीफल एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था प्रधान श्रीमती कौशल्या जीनगर को शाल ओढ़ाकर, मोमेंटो और परिषद साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया।

छात्र अभिनंदन के अंतर्गत विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं निशा माली, एंजेल गुर्जर एवं रौनक भड़ाना को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सह-सचिव श्री मनोज माहेश्वरी ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुरलीधर लढ्ढा, बालमुकुंद डाड, शिवनारायण ईनाणी सहित अनेक बालिकाओं के अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा लाल जोशी ने करते हुए बताया कि बालक का प्रथम गुरु उसकी माता होती है।

# वन्य जीवों को बचाने के लिए पोस्टर का डॉ लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने किया विमोचन

द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया

**गुरलां** विश्व सर्प दिवस पर बेजुबान वन्यजीवों को बचाने के लिए और उन्हें सहेजने के लिए बनाए गए पोस्टर कावविमोचन उदयपुर सिटी पैलेस में डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के हाथों हुआ। उन्होंने पोस्टर के विमोचन के साथ ही साथ वन्य जीवो को बचाने की अपील की। इस अवसर पर वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेंटर उदयपुर के अध्यक्ष डॉ चमन सिंह चौहान , वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेंटर सचिव भीलवाड़ा वन्य जीव रक्षक कुलदीप



सिंह राणावत, समाज सेवक नारायण भदाला अगरपुरा, पवन सिंह राठौड़ (प्रिंस धांधल), संदीप द्विवेदी, प्रमोद सिंह, पंकज नागोरी, शैतान सिंह सारंगदेवोत आदि वन्य जीव प्रेमी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक दयाराम दिव्य द्वारा मुद्रक वेदांत प्रभाकर, मेधा कम्प्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स, ऑफिस नं. 128, वार्ड नं. 25, नंदभवन कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं एस-20, प्रतापनगर, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक दयाराम दिव्य 96949 57624, 87695 58132 * PRB एक्ट के तहत ख़बरों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भीलवाड़ा होगा